इंडिया फाउंडेशन फॉर द आर्टस् (आयएफए)
मार्ग फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से
उनके आर्काइव्हज और म्युझियम्स कार्यक्रम के तहत
आयएफए-मार्ग स्कॉलरली और क्रिएटिव्ह प्रोजेक्ट्स के लिए
प्रस्ताव मंगाए जा रहे हैं

अंतिम तिथि: August 07, 2024

आयएफए, मार्ग फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से उनके आर्काइव्हज और म्युझियम्स कार्यक्रम के तहत, आयएफए-मार्ग स्कॉलरली और क्रिएटिव्ह प्रोजेक्ट्स के लिए प्रस्ताव मंगाए जा रहे हैं| कार्यक्रम का उद्देश्य दो गुना है: पहला, कला विद्वानों और शोधकर्ताओं को नए, महत्वपूर्ण और रचनात्मक दृष्टिकोन विकसित करने का अवसर प्रदान करना की लोग आर्काइव्हज आणि म्युझियम्स के संग्रह के साथ कैसे जुड़ सकते हैं, और दूसरा, इस स्थान को संवाद के लिए एक मंच के रूप में सक्रिय करना। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्ण की गई पिछली परियोजनाओं के बारे में पढ़ें।
अंतिम तिथि: **August 07, 2024**

मार्ग फाउंडेशन के बारे में जानकारी:
1946 में उपन्यासकार मुल्क राज आनंद द्वारा शुरू की गई 'मार्ग', भारत की सबसे पुरानी कला पत्रिका है जो अभी भी छप रही है। स्वतंत्रता के बाद के युग में, जब भारत अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था, 'मार्ग' पत्रिका भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं का दस्तावेजीकरण कर रही थी और स्वतंत्र भारत के भविष्य के बारे में सोचने के नए तरीके पेश कर रही थी। 'मार्ग' के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए, संग्रह से चयनित निबंधों के साथ मंदिर वास्तुकला, वस्त्र, नृत्य, पूर्व-आधुनिक चित्रकला और आधुनिकता पर पाठकों की एक श्रृंखला प्रकाशित की गई है। आज, 'मार्ग', भारत के अल्पज्ञात इतिहास का दस्तावेजीकरण करता है और भारतीय और दक्षिण एशियाई सांस्कृतिक प्रथाओं की विविधता को उजागर करने का प्रयास करता है। 'मार्ग फाउंडेशन', एक गैर-लाभकारी संगठन है जो सचित्र कला पुस्तकें भी प्रकाशित करता है। 'मार्ग फाउंडेशन' अपने उच्च गुणवत्तावाले उत्पादन और उत्कृष्ट संपादकीय सामग्री के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है।

संग्रह के बारे में जानकारी:

इन परियोजनाओं के लिए सभी 'मार्ग' प्रकाशन उपलब्ध होंगे। 'मार्ग' ने कई वर्षों तक विभिन्न विषयों का अध्ययन किया है। उनका संग्रह निम्नलिखित पहलुओं में विशेष रूप से समृद्ध है:

- आर्किटेक्चर
- कपड़ा
- नृत्य और प्रस्तुति अध्ययन
- भारत में आधुनिकतावाद
- चित्रकारी की परंपरा

आईएफए-मार्ग स्कॉलरली और क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स के दायरे के बारे में:

कलाकार, कला व्यवसायी, आर्किटेक्चर और डिज़ाइन के स्नातक छात्रों की अक्सर अपने कॉलेजों या काम के माध्यम से 'मार्ग' से पहचान हो जाती हैं। 'मार्ग' युवा दर्शकों और कला के क्षेत्र में रूचि रखनेवालों को एक सरल तरीके से उपलब्ध होने के लिए हम ऐसे प्रस्तावों की तलाश में है, जिन में कुछ शोध होंगे, जिन्हे एक संवादात्मक कला के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है और जिस का परिवर्तन आसानी से उपयोग की जाने वाली सामग्री में हो सकता है।

प्रस्तावित परियोजनाएं ऊपरोल्लिखित विषयों पर आधारित होनी चाहिए; लेकिन, प्रस्तावित परियोजना 'मार्ग' में उल्लिखित भारतीय और दक्षिण एशियाई कला के अन्य पहलुओं का भी संशोधन कर सकती है। हम ऐसी परियोजनाओं की तलाश में हैं जो अंतःविषय और सहयोगात्मक दृष्टिकोन और तरीकों के माध्यम से सोचने की क्षमता प्रदर्शित करती हैं। हिंदी और मराठी का ज्ञान रखने वाले और इन भारतीय भाषाओं में काम करने के इच्छुक आवेदकों को आवेदन करना चाहिए।

विद्वतापूर्ण परियोजनाओं के लिए, हम निम्नलिखित प्रकार के प्रस्तावों की अपेक्षा करते हैं:

- युवा दर्शकों (स्नातक और उससे नीचे) के लिए भारतीय और दक्षिण एशियाई कला और संस्कृति पर आर्काइव्हज के आधार पर शोध-आधारित सामग्री तैयार करना।
- भारतीय कला और संस्कृति पर शोध के खजाने के रूप में संग्रह का अध्ययन करना और विषय के दायरे में इसके स्थान पर संशोधन करना।
- ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से संशोधन की प्रस्तुति।

क्रिएटिव्ह प्रोजेक्ट्स के लिए, हम निम्नलिखित प्रकार के प्रस्तावों की अपेक्षा करते हैं:

- ● इस संग्रह को फिर से इस्तमाल करने के लिए नए क्यूरेटोरियल और कलात्मक हस्तक्षेप।

- ● वीडियो गेम, प्रदर्शन, फोटो निबंध, इंटरैक्टिव कहानियां, फिल्में, सचित्र कैटलॉग, उत्पादन स्थलों की विभिन्न शैलियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं के ऑडियो-विज़ुअल दस्तावेज़ीकरण आदि के माध्यम से किसी प्रकार का परिणाम तैयार करना।
- ● डिजिटल परियोजनाओं और मल्टीमीडिया सामग्री निर्माण का प्रस्ताव और कार्यान्वयन।

परियोजना अवधि: ज्यादा से ज्यादा 15 महिने
परियोजना समन्वयकों को मुंबई में मार्ग फाउंडेशन के वास्तविक आर्काईव्ह में जाने और गहन शोध करने की आवश्यकता है। परियोजना समन्वयकों के पास परियोजना की अवधि के लिए ऊपर उल्लिखित आर्काईव्ह तक पहुंच होगी। शोध के लिए उपलब्ध संग्रहों और सामग्रियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया महाप्रबंधक ज्योत्स्ना नांबियार से jyotsna.nambiar@marg-art.org पर या कन्टेन्ट मार्केटिंग मॅनेजर, मानसी बा से maanasi.baa@marg-art.org पर संपर्क करें।

आवेदक प्रोफ़ाइल:

- हम क्यूरेटर, कलाकारों, कला-शिक्षकों, शोधकर्ताओं, लेखकों, कलाकारों के साथ-साथ अनुसंधान पृष्ठभूमि वाले और आर्काइव्हज और म्युझियम संग्रह में काम करने के इच्छुक अन्य रचनात्मक चिकित्सकों और विद्वानों से आवेदन आमंत्रित करते हैं।

- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं। हमारे पात्रता मानदंड के बारे में अधिक जानने के लिए, यहां क्लिक करें।

बजट:

- अधिकतम परियोजना लागत **Rs 3,00,000/-** इतनी हो सकती है|
- आप परियोजना की पूरी अवधि के लिए पारिश्रमिक के रूप में कुल प्रस्तावित लागत का **30%** तक की राशि का अनुरोध कर सकते हैं। कुल लागत पारिश्रमिक सहित होगी।

प्रकल्प निधी केवळ प्रकल्प-संबंधित खर्च आणि त्यासंबंधित कामाचा खर्चासाठी आहे आणि कोणत्याही पायाभूत सुविधा किंवा उपकरणे खरेदी त्यांत करता येणार नाही.

प्रस्ताव कैसे भेजें:
हमें निम्नलिखित एक ही ईमेल में भेजें:

- एक प्रस्ताव जो परियोजना का संक्षेप में वर्णन करता है (कॉल में वर्णित और कल्पना किए गए रचनात्मक परिणामों की रूपरेखा, या यदि आपका एक स्कॉलरली प्रोजेक्ट है तो इसके शोध प्रश्न सहित) जिसे ऊपरोल्लिखित आर्काइव्हज की सामग्री से विकसित किया जा सकता है। विवरण में क्या किया जाना है, दृष्टिकोन और संभावित परिणाम शामिल होने चाहिए।

- इस सामग्री से विकसित किए जा सकने वाले अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों पर एक संक्षिप्त नोट।
- विस्तृत परियोजना अनुसूची
- विस्तृत बजट
- उस प्रोजेक्ट के संक्षिप्त विवरण के साथ आपका बायोडाटा जिसमें आप एक क्यूरेटर, कला व्यवसायी या शोधकर्ता के रूप में शामिल थे। इस विवरण में परियोजना में क्या किया गया, इसकी प्रक्रिया और इसके परिणाम शामिल होने चाहिए। कृपया हमें वास्तविक दस्तावेज़ भेजने के बजाय इसके इंटरनेट लिंक भेजें।
- आप अपना प्रस्ताव अंग्रेजी सहित किसी भी भारतीय भाषा में लिख सकते हैं।

आप अपने आवेदन या कोई प्रश्न ऋत्विका मिश्रा को ritwika@indiaifa.org पर ईमेल करें। ऐसे ईमेल की विषय पंक्ति होगी: **Application for IFA - Marg Project**

महत्वपूर्ण तिथियाँ**:**

- आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि August 07, 2024 है|
- शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के साक्षात्कार August 2024 में होने की उम्मीद है।
- यह परियोजना September 2024 तक 15 महीने की अवधि के लिए शुरू होगी।

आईएफए परियोजना समन्वयक के रूप में सीधे आपके साथ आपकी परियोजना को लागू करेगा।
कृपया ध्यान दें कि ***IFA*** एक सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो बच्चों सहित सभी का समर्थन**,** सम्मान और सुरक्षा करता है। यह हर आवेदक के पास है इस धारणा को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए और विश्वास बनाए रखना चाहिए।

आयएफए टीम